# University in News on 28 November 2021



**AMRIT VICHAR PAGE 5**

## छात्रों के पास हॉस्टल के लिए आवेदन का मौका सिर्फ आज

विवि के प्रथम कैंपस में संचालित मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) पाठ्यक्रम 2020-21 के विद्यार्थियों के लिए जल्द ही छात्रावास का आवंटन किया जाएगा। जिन विद्यार्थियों को छात्रावास की सुविधा चाहिए, उन्हें रविवार रात 12 बजे तक आवेदन का मौका दिया गया है। बलरामपुर छात्रावास के प्रोवोस्ट को ई-मेल balrampurhall@gmail.com पर आवेदन फार्म भर कर भेजना होगा। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. नलिनी पांडेय की ओर से वेबसाइट पर नोटिफिकेशन जारी किया गया है। छात्रावास के लिए फार्म विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध है। फार्म के लिए 50 रुपए शुल्क एसबीआइ के अकाउंट में जमा करना होगा। फार्म में एडमिशन की रैंक जरूर भरनी होगी।




नेशनल फार्मेसी वीक के दौरान छात्र-छात्राओं ने बनाई आकर्षक रंगोली। फोटो : अमृत विचार

## नेशनल फार्मेसी वीक में दिखी छात्रों की प्रतिभा

लखनऊ विश्वविद्यालय के भैषजिक विज्ञान संस्थान में बीफार्म प्रथम वर्ष व डीफार्मा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने 60वीं नेशनल फार्मेसी वीक का आयोजन 21 से 27 नवम्बर तक किया। इसमें रंगोली, पोस्टर, स्लोगन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाया। शनिवार को इस कार्यक्रम का समापन हुआ और प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में बीएचयू, आईटीआई के 1965-1969 बैच के फार्मा विभाग के भूतपूर्व छात्र व समाजसेवी वीरंजनी कुमार सक्सेना मुख्य अतिथि थे। निदेशक प्रोफेसर पुष्पेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने उनका स्वागत किया।

## परीक्षा कल से, तैयारियों की हुई समीक्षा

विश्वविद्यालय में स्नातक और परास्नातक तीसरे सेमेस्टर की मिड टर्म परीक्षाओं की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि 29 नवंबर से दो दिसंबर तक परीक्षाएं चलेंगी। शनिवार को विश्वविद्यालय में परीक्षा से जुड़ी सभी तैयारियों की समीक्षा की गयी। उन्होंने बताया कि यूजी पीजी, बीए आनर्स तृतीय व पांचवे सेमेस्टर, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (सीएम) तृतीय सेमेस्टर, एमएसडब्लू तृतीय सेमेस्टर, मास्टर ऑफ पापुलेशन स्टडीज-तृतीय सेमेस्टर और एमएससीसीजेए-तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू होंगी।

## अंतरराष्ट्रीय समझ को बढ़ाएगा एमओयू

मोंटगोमरी, अलबामा, यूएसए और एलयू के बीच एक एमओयू साइन किया गया। इसके जरिए अकादमिक उत्कृष्टता, अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान और विकास, छात्रों के लिए शिक्षा, संकाय को मजबूत किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय समझ को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके साथ ही अन्य क्षेत्रों में एक-दूसरे की मदद करेंगे।

## छात्रवृत्ति के आवेदन के लिए दो दिनों तक मौका

स्नातक और परास्नातक में प्रवेश लेने वाले छात्रों के पास छात्रवृत्ति के लिए दो दिनों तक आवेदन का मौका है। ऐसे में जो छात्र अभी तक नहीं आवेदन कर सके हैं वह कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं होगा। अधिकारियों के मुताबिक सत्यापन प्रक्रिया पूरी की जानी है ऐसे में समय से आवेदन जरूरी है।

## फीस जमा करने का अंतिम मौका 30 नवंबर तक

इंजीनियरिंग संकाय में संचालित बीटेक, बीफार्मा और बीसीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को लवण्या छात्रावास आवंटित कर दिया है। चयनित विद्यार्थियों को 30 नवंबर तक फीस जमा करके अपना कमरा आवंटन कंफर्म करना होगा। इसके अलावा कैलाश, निवेदिता और कौटिल्य छात्रावास में विद्यार्थियों के आवंटन की सूची जारी की गई है। चीफ प्रॉक्टर प्रो. नलिनी पांडेय ने बताया कि छात्रावास आवंटन संबंधी निर्देश लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी किए गए हैं।

**HINDUSTAN PAGE 6**

## एलयू: नेशनल फार्मेसी वीक का समापन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के भैषजिक विज्ञान संस्थान में बीफार्मा प्रथम वर्ष व डीफार्मा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने 60वीं नेशनल फार्मेसी वीक का आयोजन 21 से 27 नवम्बर तक किया। इसमें रंगोली, पोस्टर, स्लोगन आदि प्रतियोगिताएं हुईं। शनिवार को इस कार्यक्रम का समापन हुआ और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।